हरिद्वार विकास प्राधिकरण,

हरिद्वार

की

38 वीं बोर्ड बैठक

दिनांक

21-07-05

भाग–(अ)

मद संख्या–38–(1)

विषयः– विगत 37 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 29–01–2005 में लिए गये निर्णयों का क्रियान्वयन।

कमांक	विषय	निर्णय	अनुपालन
34.01(1)	अन्तर्राज्यीय बस अड्डा	ऋषिकुल में बस अड्डा स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में प्रकरण शासन को सन्दर्भित किया गया। जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि यदि ऋषिकुल की भूमि के अतिरिक्त अन्यत्र बस स्थापित किया जाता है तो ऋषिकुल की वर्तमान में पार्किंग के लिए उपयोग में आने वाली भूमि का उपयोग यथावत बना रहेगा।	निर्णयानुसार भूमि हस्तांतरण हेतु प्रकरण शासन को संदर्भित है। प्राधिकरण में भूमि प्राप्त होने के उपरांत ही विकास कार्य की कार्यवाही की जानी है।
34.01(4)	हरिद्वार विकास प्राधिकरण में गंगा नदी तट से दोनो ओर 200 मीटर तक के प्रकरण	इस सम्बन्ध में निर्णय हुआ कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिन मुख्य अवैध निर्माण कर्ताओं की सूची प्रकाशित की जा चुकी है उनके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही एक माह में सुनिश्चित की जायें।	प्रशासनिक अधिकारी (सचिव) के अभाव में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नही की जा सकी है।
34.01(5)	ऋषिकेश ट्रान्सपोर्ट नगर	अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ऋषिकेश द्वारा अवगत कराया गया कि अभी प्रस्तावित स्थल की भूमि का वन विभाग से हस्तान्तरण नही हो सका है। निर्णय हुआ कि हस्तांतरण के उपरांत शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।	वन विभाग से भूमि प्राप्त होने पर ही कार्यवाही अपेक्षित है।

हरिद्वार विकास प्राधिकरण की 38वीं बोर्ड बैठक दिनांक 21–07–2005 का कार्यवृत्त

प्राधिकरण की 38वीं बोर्ड बैठक दिनांक 21–07–2005 को अध्यक्ष/ आयुक्त, गढ़वाल मण्डल की अध्यक्षता में हरिद्वार विकास प्राधिकरण के समागार में आयोजित की गयी।

उपस्थितिः–

1–	श्री सुभाष कुमार, आयुक्त गढ़वाल मण्डल	अध्यक्ष
2–	श्री चनर राम, उपाध्यक्ष, हरिद्वार विकास प्राधिकरण	उपाध्यक्ष
3–	श्री आर0के0 सुधांशु, जिलाधिकारी, हरिद्वार	पदेन सदस्य
4–	श्री के0सी0 मिश्रा, अपर सचिव, वित्त	पदेन सदस्य
5–	श्री सतपाल ब्रम्हचारी, अध्यक्ष, न0पा0परिषद, हरिद्वार	पदेन सदस्य
6–	श्री दीप शर्मा, अध्यक्ष, न0पा0 परिषद, ऋषिकेश	पदेन सदस्य
7–	श्री मनोज द्विवेदी, अध्यक्ष, न0पं0 मुनिकीरेती	पदेन सदस्य
8–	श्री युगल किशोर पन्त, प्रशासक, न0पं0 रानीपुर	पदेन सदस्य
9–	महन्त महेन्द्र सिंह, हरिद्वार	नामित सदस्य
10–	श्री अशोक सेठी, हरिद्वार	नामित सदस्य
11–	श्री सुनील प्रभाकर, ऋषिकेश	नामित सदस्य

सर्वप्रथम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, श्री चनर राम द्वारा बोर्ड के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष/ आयुक्त महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

मद संख्या–38–01 – विगत 37वीं बोर्ड बैठक दिनांक 29.1.2005 में लिये गये निर्णयों का क्रियान्वयन–

34–01(1) अन्तर्राज्यीय बस अड्डा

हरिद्वार शहर में प्रति वर्ष होने वाले पर्वो तथा अर्द्ध/ कुम्भ मेलों में पार्किंग की आवश्यकता के दृष्टिगत सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि ऋषिकुल की भूमि पर ही अन्तर्राज्यीय बस अड्डा का निर्माण ह0वि0प्रा0 द्वारा कराया जाय। भूमि हस्तांतरण हेतु उपाध्यक्ष, ह0वि0प्रा0 एवं जिलाधिकारी, हरिद्वार द्वारा शीघ्र कार्यवाही की जाय।

Secretary Vice Chairman Chairman/ Commissioner

34.03(4)	भल्ला कालेज मैदान की भूमि पर स्पोर्टस काम्पलैक्स	अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि भल्ला कालेज मैदान में कुम्भ/ अर्द्ध कुम्भ मेलों में उपयोग किया जाता रहा है। अतः इस मैदान के आस–पास ही नगर पालिका की अन्य भूमि जिसे कृषि फार्म के नाम से कहा जाता है पर स्पोर्टस काम्पलैक्स का निर्माण उचित रहेगा।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त भूमि पर निर्माण हेतु धन की उपलब्धता के आधार पर फेजेज में कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाये ताकि मेला पार्किंग के लिए भूमि उपलब्ध रहें।	निर्णय के अनुपालन में प्राधिकरण द्वारा अन्य भूमि उपलब्ध कराने हेतु पत्र सं0–4725 दिनांक 23–03–05 के द्वारा सूचित किया गया। जिसके उत्तर में पालिका द्वारा 95 गुणा 60 मी0 की माप में भूमि का रकेच प्लान इस शर्त के साथ उपलब्ध कराया गया कि पालिका की भूमि लीज अथवा फ्री–होल्ड प्रकिया के अंतर्गत बोर्ड की सहमति एवं शासन की स्वीकृति के उपरांत ही दी जा सकती है। अतः पालिका द्वारा भूमि उपलब्ध कराने के उपरांत ही निर्माण के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सकता है।
37(2)	विगत 36 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 20–9–2004 परिचालन विधि द्वारा स्वीकृत कराये गये प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष–2003–04 के पुनरीक्षित/ वास्तविक आय व्ययक तथा वर्ष 2004–05 के प्रस्तावित आय व्ययक की कार्यवाही की पुष्टि।	वर्ष 2003–04 के बजट के सम्बन्ध में श्री के0सी0 मिश्रा, अपर सचिव, वित्त द्वारा निम्नानुसार टिप्पणी दी गयी– 1– प्रस्तावित बजट में कुछ मदों में अत्यधिक आय प्रस्तावित की गई है जबकि प्राप्तियां अब तक शून्य रही है। जैसे हडको से ऋण रू0–1800.00 लाख तथा नई योजनाओं में सम्पत्ति विकय से रू0–800.00 लाख । उपाध्यक्ष, हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण हित में प्राधिकरण के पास उपलब्ध राशि को ही उपयोग में लायी गई जिस कारण अभी तक ऋण की आवश्यकता नही हुई है। नई योजनाओ मे प्राधिकरण को भूमि का कब्जा देरी से मिलने के कारण अभी तक सम्पत्ति के विकय हेतु पंजीकरण प्रारम्भ नही हो सका है।इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही की जा रही है। 2– वाहन/ मशीनरी आदि कय की मद में रू0 7. 25 लाख का प्रस्तावित प्राविधान अधिक प्रतीत हो रहा है इस पर उपाध्यक्ष, हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण में एक वाहन शीघ्र कय किये जाने का प्रस्ताव है। वाहन में आवश्यक असेसिरिज सहित आवश्यक	वित्तीय वर्ष 2004–05 में स्वीकृत बजट के अनुसार/ अन्तर्गत ही व्यय किये गये है। वास्तविक आय एवं व्यय का पूर्ण विवरण आगे वित्तीय वर्ष 2005–06 के प्रस्तावित आय–व्ययक मद सं0 2 में उपलब्ध है।

34–01(4) हरिद्वार विकास प्राधिकरण में गंगा नदी तट से दोनों ओर 200 मीटर तक के प्रकरण–

इस बिन्दु पर आगे मद संख्या–37–12(5) पर निर्णय लिया गया है अतः इस मद को एजेण्डा से समाप्त किया गया।

34–01(5) ऋषिकेश ट्रांसपोर्ट नगर

ट्रांसपोर्ट नगर हेतु वन विभाग से भूमि प्राप्त करने हेतु अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ऋषिकेश एवं उपाध्यक्ष, ह0वि0प्रा0 को निर्देश दिये गये। भूमि उपलब्ध होने पर अलग से इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय। एजेण्डा को मद से समाप्त किया गया।

34–03(4) भल्ला कालेज मैदान की भूमि पर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स

अध्यक्ष, न0पा0 हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि नगर पालिका की बोर्ड बैठक में इस भूमि के समीप कृषि फार्म के नाम उपलब्ध भूमि ह0वि0प्रा0 को उचित शर्तो पर इन्डोर स्टेडियम के निर्माण हेतु उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में निर्णय लिया गया कि हरिद्वार में पार्किंग की समस्या के दृष्टिगत भल्ला कालेज मैदान की भूमि पर केवल बाउन्ड्रीवाल निर्माण तथा कृषि फार्म वाली भूमि पर इन्डोर स्टेडियम का निर्माण ह0वि0प्रा0 द्वारा कराया जाय।

37–02 प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2003–04 एवं 2004–05 का पुनरीक्षित (वास्तविक) आय व्ययक

प्रस्तुत आय–व्ययको का अवलोकन किया गया तथा एजेण्डा मद से समाप्त किया गया।

Secretary

Vice Chairman

Chairman/ Commissioner

37(12)	**अन्य बिन्दु अध्यक्ष की अनुमति से** 1– विद्युत शवदाह गृह में लम्बित विद्युत बिलो का भुगतान	अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि धनाभाव के कारण लम्बित विद्युत बिलों का भुगतान नगर पालिका परिषद द्वारा नही किया जा सका है तथा इस कारण संयंत्र कार्य नही कर रहा है। जनहित में इसे कार्यशील करना आवश्यक है। विद्युत बिल की धनराशि लगभग 7–8 लाख बतायी गयी है। निर्णय हुआ कि हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना विकास निधि से इस लम्बित बिल का भुगतान कर दिया जाये। तत्पश्चात विद्युत शवदाह गृह को चालू कराकर आगामी बिलों का भुगतान नगर पालिका द्वारा ही किया जाता है।	निर्णय के अनुपालन में उत्तरांचल पॉवर कारपोरेशन को रू0 5,75,702–00 का प्राधिकरण द्वारा चैक सं0–200781 दिनांक 24–02–2005 द्वारा भुगतान किया जा चुका है।
	2– हर की पैड़ी स्थित जनानाघाट हेतु अधिग्रहण आदि से संबंधित भुगतान	इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, हरिद्वार ने अवगत कराया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अवमानना याचिका के अन्तर्गत रू0 5.00 लाख का भुगतान किया जाना है। निर्णय हुआ कि इसे नगर पालिका परिषद, हरिद्वार तथा हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से आधा–आधा भुगतान जिलाधिकारी हरिद्वार को उपलब्ध करा दिया जायें।	निर्णय के अनुपालन में जिलाधिकारी हरिद्वार को रू0 2.50 लाख का भुगतान प्राधिकरण द्वारा चैक सं0–200953 दिनांक 03–02–2005 द्वारा किया जा चुका है।
	3–भल्ला कालेज स्थित आडिटोरियम की छत में साउण्ड प्रु व्यवस्था	अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि इस आडिटोरियम में हॉल के अन्दर आवाज गूंजती है जिसमें लगभग रू0–10.00 लाख का व्यय अनुमानित है। निर्णय हुआ कि संबंधित निर्माण एजेन्सी का लगभग रू0 5.00 लाख का जो भुगतान रोका गया है उससे तथा अवशेष रू0 5.00 लाख नगर पालिका हरिद्वार व हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा आधा–आधा व्यय कर नगर पालिका द्वारा ठीक करा दिया जाये।	निर्णयानुसार नगर पालिका द्वारा रू0 6.40 लाख का प्रस्ताव दिया गया है। बिल से रोकी गयी रू0 4.40 लाख की धनराशि निर्माण निगम को भुगतान किये जाने का सर्व प्रथम निर्णय लिया जाना है उसके उपरान्त ही उक्त राशि को नगर पालिका परिषद, हरिद्वार को भुगतान किया जाना है।

37–12(1) विद्युत शवदाह गृह के लम्बित विद्युत बिलों का भुगतान

अध्यक्ष, नगर पालिका, हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि ह0वि0प्रा0 द्वारा लम्बित बिल रू0 5.76 लाख विद्युत विभाग में जमा कराने के उपरान्त नगर पालिका द्वारा इस शवदाह गृह को पुनः चालू करने हेतु कनेक्शन आदि की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है तथा उक्त शवदाह गृह को शीघ्र चालू करा दिया जायेगा। प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किया गया।

37–12(2) हर की पैड़ी स्थित जनाना घाट हेतु अधिग्रहण आदि से संबंधित भुगतान

जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि ह0वि0प्रा0 एवं नगर पालिका से क्रमशः 75 प्रतिशत एवं 25 प्रतिशत धनराशि प्राप्त कर पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। अतः प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किया गया।

37–12(3) भल्ला कालेज स्थित आडिटोरियम की छत में साउन्ड प्रूफ व्यवस्था

निर्णय लिया गया कि इस कार्य हेतु निर्माण एजेन्सी राजकीय निर्माण निगम से इस आशय का प्रमाण–पत्र लिया जाय कि उनके द्वारा आगणन के मदों के अनुरूप ही कार्य किया गया है। उक्त प्रमाण पत्र के आधार पर सहायक अभियंता, ह0वि0प्रा0 द्वारा आगणन का परीक्षण कर लिया जाय। यदि उक्त आगणन में साउन्ड प्रूफ व्यवस्था का मद सम्मिलित था तब इस एजेन्सी का प्राधिकरण में अवशेष भुगतान रू0 4.40 लाख रोकते हुये इसे नगर पालिका हरिद्वार को हस्तांतरित कर दिया जाय तथा शेष व्यय को ह0वि0प्रा0 एवं नगर पालिका हरिद्वार द्वारा आधा–आधा वहन किया जायेगा और यदि मद आगणन में सम्मिलित नहीं था तब साउन्ड प्रूफ व्यवस्था के व्यय रू0 10.00 लाख को नगर पालिका एवं ह0वि0प्रा0 द्वारा आधा–आधा वहन किया जाय। प्रकरण को एजेण्डा मद से समाप्त किया गया।

37–12(4) ज्वालापुर क्षेत्र में एक हाईमास्ट लाइट की स्थापना

अध्यक्ष, नगर पालिका, हरिद्वार द्वारा अवगत कराया गया कि इस क्षेत्र में एक नहीं दो हाईमास्ट लाइट की आवश्यकता है अतः निर्णय हुआ कि प्रस्तावित व्यय कुल रू0 5.00 लाख में से 50 प्रतिशत तत्काल अवस्थापना निधि से ह0वि0प्रा0 द्वारा न0पा0 हरिद्वार को उपलब्ध कराया जाय तथा अवशेष धनराशि नगर पालिका द्वारा कार्य पूर्ण करने के उपरान्त उपलब्ध करा दिया जाय। प्रकरण एजेण्डा से समाप्त किया गया।

Secretary Vice Chairman Chairman/Commissioner

	4–ज्वालापुर क्षेत्र में एक हाई मास्ट लाईट की स्थापना	निर्णय हुआ कि अवस्थापना विकास निधि से हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा इस कार्य हेतु रू0 2.50 लाख का भुगतान नगर पालिका परिषद, हरिद्वार को उपलब्ध करा दिया जायें	निर्णय अनुसार नगर पालिका परिषद; हरिद्वार द्वारा कार्य पूर्ण करने के उपरान्त उनकी मांग पर यथा समय भुगतान किया जायेगा।
	5–गंगा नदी से 200 मीटर की दूरी तक निर्माण प्रतिबंध संबंधी शासनादेश में संशोधन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के सम्बन्ध में।	श्री सुनील प्रभाकर, गैर सरकारी सदस्य ऋषिकेश द्वारा उपरोक्त विषयक प्राधिकरण में लागू शासनादेश संख्या 320 दिनांक 05 फरवरी 2000 के सम्बन्ध में अवगत कराया कि उक्त शासनादेश व्यवहारित नही है। क्योंकि मुख्यता हरिद्वार, ऋषिकेश व अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतर आबादी गंगा नदी के किनारे बसी हुई हैं अतः निर्णय हुआ कि जन सामान्य की आवासीय समस्याओं के निस्तारण हेतु उक्त शासनादेश में लगी पाबंदियों के सम्बन्ध में परीक्षण कर आवश्यक संशोधन हेतु प्राधिकरण द्वारा प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाये।	निर्णय के अनुपालन में संदर्भित शासनादेश को शिथिल करने हेतु सचिव, आवास विभाग, उत्तरांचल शासन, देहरादून को पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

37–12(5) गंगा नदी से 200 मीटर की दूरी तक निर्माण प्रतिबन्ध संबंधी शासनादेश में संशोधन हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के संबंध में

उपाध्यक्ष ह0वि0प्रा0 द्वारा शिथिलीकरण हेतु शासन को पूर्व में प्रेषित किये गये प्रस्ताव पत्र पर विस्तृत चर्चा हुयी। अध्यक्ष न0पा0 ऋषिकेश द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रस्ताव में निर्माण करने वाले को नियमानुसार सीवर लाईन में कनेक्शन करवाने हेतु उल्लेख नहीं किया गया है अतः निर्णय लिया गया कि अन्य बिन्दुओं के साथ यह संशोधन भेज दिया जाय कि सीवर लाईन तक निर्माणकर्ता को सीवर कनेक्शन स्वयं कराना होगा। प्रकरण एजेण्डा मद से समाप्त किया जाता है।

37–06 प्राधिकरण की अनाधिकृत कालोनियों के नियमितीकरण के संबंध में

गठित समिति के सदस्यों ने अवगत कराया कि प्रथम फेज में आवासीय भू–उपयोग वाली प्रस्तावित 12 कालोनियों के अतिरिक्त इसी श्रेणी की 5 अन्य कालोनियां सम्मिलित किये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति की गयी है। इसपर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि इस प्रकरण पर उपाध्यक्ष–ह0वि0प्रा0, जिलाधिकारी–हरिद्वार, अध्यक्ष, न0पा0 हरिद्वार एवं परियोजना प्रबन्धक, गंगा प्रदूषण नियन्त्रण इकाई, हरिद्वार द्वारा पुनः परीक्षण कर अनुमोदन हेतु आख्या अध्यक्ष/ आयुक्त के समक्ष 15 दिन में प्रस्तुत की जाय।

38–02 हरिद्वार विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2004–05 का पुनरीक्षित (वास्तविक) तथा वित्तीय वर्ष 2005–06 का प्रस्तावित आय–व्ययक

प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2004–05 के पुनरीक्षित (वास्तविक) आय व्ययक का अवलोकन किया गया। वित्तीय वर्ष 2005–06 के प्रस्तुत आय–व्ययक प्रस्तुत करते समय लेखाकार, ह0वि0प्रा0 द्वारा प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति प्रस्तुत की गयी जिसमें अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्राधिकरण पर हडको/ किसी भी वित्तीय संस्था का कोई ऋण नहीं है। इसके अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट नगर योजना एवं इन्द्रलोक आवासीय योजना की भूमि क्रय मद में लगभग

Secretary Vice Chairman Chairman/ Commissioner

37(6)	**प्राधिकरण की अनाधिकृत कालोनियों के नियमितिकरण के सम्बन्ध में।**	इस सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय हुआ कि प्रथम श्रेणी में प्रस्तावित 12 ऐसी निजी कालोनियां है जिनका महायोजना में भू–उपयोग आवासीय है ,को प्राथमिकता पर एक माह के अन्दर गठित समिति द्वारा निस्तारण हेतु कार्यवाही सुनिश्चित कर उपाध्यक्ष के माध्यम से अध्यक्ष/ आयुक्त के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायें। दूसरी श्रेणी जिनमें भू–उपयोग महायोजना के अनुसार आवासीय नही है तथा निजी भूमि, मेला भूमि अथवा सार्वजनिक भूमि से संबंधित है उनमें आवश्यक कार्यवाही दो माह के अन्दर पूर्ण कर स्थिति से अध्यक्ष/ आयुक्त को अवगत कराया जायें। इस समिति में सहयुक्त नियोजक, उ0प्र0 मेरठ के स्थान पर सहयुक्त नियोजक गढ़वाल मण्डल (मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उत्तरांचल के प्रतिनिधि के रूप में) प्रतिस्थापित किया जाय तथा प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्य श्री सुनील प्रभाकर ऋषिकेश एवं परगना अधिकारी हरिद्वार को भी सम्मिलित किया जायें। इस सम्बन्ध में मंसूरी –देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कालोनियो के नियमितिकरण विषयक	निर्णय के अनुपालन में गठित समिति की बैठक दिनांक 2–3–2005 को की गयी । जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निम्नलिखित 12 कालोनियो का नियमितिकरण किया जायें। 1– मंगलम बिहार, 2– मैरिज टाउनशिप ज्वालापुर, 3– पाण्डेयवाला, ज्वालापुर, 4– सुभाष नगर कालोनी ज्वालापुर, 5– योगीविहार कालोनी के पास ज्वालापुर, 6– रतन टाकिज के सामने– काशीपुरा हरिद्वार, 7– लाल मंदिर कालोनी ज्वालापुर 8– ललतारोपुल मार्ग टी0बी0 अस्पताल के सामने –हरिद्वार, 9– शांतिपुरम जगजीतपुर, 10'–हिमालयन सहकारी आवास समिति हरिपुर कलॉ, 11– नन्दा टेल के सामने, हरिपुर कलां, 12– हनुमान गढ़ी–कनखल उपरोक्त के अतिरिक्त समिति के निर्णयानुसार आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत अन्य विकसित कालोनियां :– 1– गायत्री विहार, 2–उमा विहार, 3– भारत मातापुरम के पीछे कालोनी, 4– मीनाक्षी

		जो प्रणाली अपनायी गयी है उसे भी समिति द्वारा देख लिया जायें।	इन्कलैव लक्सर रोड जगजीतपुर, 5– जे0वी0जी0 इन्कलेब कुल अतिरिक्त 05 कालोनियों को भी इसी आधार पर स्वीकृत किये जाने की संस्तुति की गयी है। 1– उक्त कालोनियों में विकास शुल्क की दर रूपये– 146.00 प्रति वर्ग मीटर की दर से लिया जाना प्रस्तावित है। 2– सबडिवीजन शुल्क सर्किल रेट के आधार पर 03 प्रतिशत लिये जाने का प्रस्ताव है। 3– मुख्य मार्ग पर सीवर की व्यवस्था उपलब्ध नही है अतः उक्त कालोनियों में सीवर लाईन डाला जाना सम्भव नही है। अतः भू–स्वामियों द्वारा सैप्टिक टेंक की व्यवस्था वंय करनी होगी। 4– भवन मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व सड़क सीमा विस्तार भवन उपविधि के अनुसार कराना होगा। 5– सड़क , पार्क एवं अन्य सामुदायिक सुविधायें यथा स्थल जितनी उपलब्ध है सर्वे के आधार पर मान्य होगी। 6– मानचित्र स्वीकृति से पूर्व नियमानुसार विकास शुल्क सहित समस्त शुल्क का भुगतान करना होगा। 7– निर्मित

			भवनों के मामले में नियत विकास शुल्क रूपये–146.00 प्रति वर्ग मीटर के साथ–2 नियमानुसार शमन उपविधि के अनुसार निर्माण को शमन कराना होगा। 8– निर्माण स्वीकृति अथवा शमन के प्रकरण में नियमानुसार सम्बन्धित विभागों से अनापत्ति प्रमाण –पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। 9– नियमितिकरण उपरान्त पर्याप्त विकास शुल्क प्राप्त होने पर कालोनी में सीवर कार्य को छोड़कर नियमानुसार अवस्थापना विकास कार्य कराये जायेगें। अतः उपरोक्तानुसार उक्त कालोनियों के नियमितिकरण करने की संस्तुति सहित प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

भाग(ब)

मद सं0 38–02

विषयः– हरिद्वार विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2004–05 का पुनरीक्षित (वास्तविक) तथा वित्तीय वर्ष 2005–06 का प्रस्तावित आय–व्ययक अनुमोदनार्थ प्रस्तुत ।

(अ) वित्तीय वर्ष 2004–05 का पुनरीक्षित / वास्तविक आय–व्ययक –

इस वित्तीय वर्ष में कुल रू0–3247.50 लाख की आय का अनुमान रखा गया था जिसमें मुख्य रूप से हडको ऋण, ट्रांसपोर्ट नगर योजना में सम्पत्ति विकय, नई इन्द्रलोक आवासीय योजना में सम्पत्ति विकय एवं भेल सहकारी समिति आवासीय योजना में डिपाजिट वर्क से प्राप्तियां (कुल रू0 2600.00 लाख) सम्मिलित थी। हडको से किसी ऋण की आवश्यकता नही हुई। केवल ट्रान्सपोढ नगर योजना में भू–अर्जन मद में भुगतान हेतु पी0एन0बी0 हरिद्वार से रू0 2.75 करोड़ का अस्थायी ऋण लिया गया था जिसे प्राधिकरण खातें में धनराशि उपलब्ध होने पर पी0एन0वी0 को तत्काल वापस कर दिया गया था। उपरोक्त तीनों नई योजनाओं की भूमि का कब्जा प्राधिकरण को विलम्ब से मिलने के कारण इन योजनाओं में पंजीकरण से आय / प्राप्तियां सम्भव नही हो सकीं। शेष मदों में प्राप्तियां संतोषजनक रही है। इस वित्तीय वर्ष में कुल प्राप्तियां रू0 851.84 लाख की रही है।मदवार पूर्ण विवरण संलग्न आय–व्ययक में उपलब्ध है।

व्यय पक्ष के अन्तर्गत समस्त भुगतान स्वीकृत प्राविधानों के अन्तर्गत किये गये है। पूंजीगत व्यय मद में उपरोक्तानुसार नई योजनाओं में भूमि का कब्जा विलम्ब से मिलने के कारण विकास कार्यो पर व्यय नही हो सका जो कि वित्तीय वर्ष 2005–06 में किया जा सकेगा।

(ब) वित्तीय वर्ष 2005–06 का प्रस्तावित आय–व्ययकः–

संलग्न आय–व्ययक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2005–06 हेतु कुल रू0 5161.36 लाख (प्रारम्भिक अवशेष सहित) की आय का अनुमान तथा इसके सापेक्ष ही कुल रू0 5149.85 लाख के व्यय का प्राविधान प्रस्तावित किया जा रहा है। आय में राजस्व आय की मद में कुल रू0 596.50 लाख तथा पंजीगत आय मद में कुल रू0 4257.00 लाख की आय का अनुमान प्रस्तावित है। पूंजीगत मद में मुख्य रूप से तीन नई योजनाओं

—ट्रान्सपोर्ट नगर योजना, इन्द्रलोक आवासीय योजना एवं भेल सहकारी समिति आवासीय योजनाओं से क्रमशः रू0 500.00 लाख, रू0 700.00 लाख एवं रू0 700.00 लाख की आय/ प्राप्ति का अनुमान रखा गया है। इसके अतिरिक्त हरिलोक योजना फेज—दो में भूमि अर्जन भुगतान एवं नई योजनाओं के विकास कार्यो हेतु आवश्यकतानुसार कुल रू0 2250.00 लाख का ऋण प्राप्ति हडको/ वित्तीय संस्थान से लेने हेतु रखा जा रहा है ताकि इन योजनाओं को समयबद्व रूप से विकसित किया जा सकें। ट्रान्सपोर्ट नगर योजना एवं इन्द्रलोक आवासीय योजनाओं में सम्पत्ति विक्रय हेतु पंजीकरण खोले जा चुके है।

व्यय पक्ष में राजस्व व्यय मद में मुख्य रूप से अधिष्ठान एवं कार्यालय व्यय की विभिन्न मदों में मिलाकर कुल रू0 166.35 लाख के व्यय का प्राविधान प्रस्तावित किया जा रहा है। पूंजीगत व्यय मद में मुख्य रूप से ट्रान्सपोर्ट नगर योजना, इन्द्रलोक आवासीय योजना तथा भेल सहकारी समिति आवासीय योजना में आवश्यक विकास कार्यो हेतु तथा हरिलोक फेज—दो में भूमि क्रय करने हेतु आवश्यक प्राविधानों को मिलाकर कुल रू0 4983.50 लाख के व्यय का प्राविधान प्रस्तावित किया जा रहा है। मदवार व्ययों का पूर्ण विवरण संलग्न आय—व्ययक में उपलब्ध है।

अतः उपरोक्तानुसार वित्तीय वर्ष 2004—05 का वास्तविक आय—व्ययक अवलोकनार्थ तथा वित्तीय वर्ष 2005—06 का प्रस्तावित आय—व्ययक प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हैं।

हरिद्वार विकास प्राधिकरण

बजट

(रू० लाख में)

क्र.	मद	2003-2004 वास्तविक	2004-2005 प्रस्तावित	2004-2005 वास्तविक	2005-2006 प्रस्तावित	2005-2006 30.6.05 वास्तविक
	प्रारम्भिक अवशेष	1626.93	1461.05	1461.05	307.86	307.86
(अ)	राजस्व आय					
1	स्टाम्प ड्यूटी	0.00	25.00	98.14	250.00	134.56
2	विनियोजनों पर ब्याज प्राप्तियाँ	84.08	25.00	40.27	5.00	0.00
3	मानचित्र शुल्क	16.50	25.00	38.67	40.00	12.11
4	शमन शुल्क	97.43	125.00	68.36	125.00	9.51
5	पर्यवेक्षण शुल्क	4.69	10.00	5.42	6.00	2.36
6	अनुदान प्राप्ति	0.00	10.00	0.00	0.00	0.00
7	विविध(टेण्डर फीस, लीज रेन्ट आदि)	3.21	10.00	3.87	5.00	1.11
8	विकास शुल्क	71.28	130.00	96.05	100.00	28.90
10	भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क	0.00	0.00	0.00	25.00	7.32
9	अम्बार शुल्क	5.60	15.00	6.46	7.50	1.70
10	फ्री-होल्ड शुल्क	17.83	10.00	3.36	5.00	0.93
11	हरिलोक योजना में अनुरक्षण शुल्क	0.70	0.50	1.58	3.00	0.82
12	हरितिमा शुल्क	0.00	0.00	11.30	15.00	3.40
13	आवेदन पुस्तिका विक्रय	0.00	0.00	0.00	10.00	0.00
(अ)	कुल राजस्व आय	**301.32**	**385.50**	**373.48**	**596.50**	**202.72**
(ब)	पूंजीगत आय					
1	ऋषिलोक आवासीय योजना	2.80	1.00	4.86	6.00	4.66
2	शिवलोक आवासीय योजना	3.82	4.00	9.81	25.00	16.52
3	हरिलोक आवासीय योजना	17.46	15.00	19.40	40.00	13.71
4	श्यामलोक आवासीय योजना	128.31	25.00	45.56	25.00	6.06
5	आश्रय योजना	3.04	4.00	4.66	3.00	1.00
6	गायत्री लोक	68.58	60.00	62.41	0.00	0.00
7	बी०एच०ई०एल०सह.स.शि.नगर आवास योजना	0.00	500.00	0.00	700.00	0.00
8	ट्रांसपोर्टनगर योजना हरिद्वार	0.00	100.00	0.00	500.00	0.00
9	इन्द्रलोक आवासीय योजना	0.00	200.00	0.00	700.00	0.00
10	हुडको एवं अन्य संस्थाओं से ऋणों की प्राप्ति	0.00	1800.00	275.00	2250.00	0.00
11	प्राधिकरण कर्मचारियों को भवन निर्माण/वाहन ऋण की वसूली	1.88	3.00	1.77	3.00	0.43
12	डिपाजिट कार्य (अर्द्ध० कु०मेला एवं विधायक निधि आदि)	412.53	150.00	54.89	5.00	0.00
(ब)	कुल पूंजीगत आय	**638.42**	**2862.00**	**478.36**	**4257.00**	**42.38**
	कुल आय (अ+ब)	**939.74**	**3247.50**	**851.84**	**4853.50**	**245.10**
	कुल आय प्रारम्भिक अवशेष को जोड़कर	**2566.67**	**4708.55**	**2312.89**	**5161.36**	**552.96**
(अ)	राजस्व व्यय					
1-	अधिष्ठान					
(i)	कर्मचारी वेतन/भत्ते	46.74	60.00	57.00	65.00	16.69
(ii)	यात्रा भत्ता	0.37	0.75	0.50	0.75	0.03
(iii)	दैनिक वेतन	0.30	0.45	0.07	0.40	0.00
(iv)	अवकाश नकदीकरण/पेंशन अंशदान	0.00	2.00	0.00	2.00	0.00

हरिद्वार विकास प्राधिकरण

बजट

(रू० लाख में)

क्र.	मद	2003-2004 वास्तविक	2004-2005 प्रस्तावित	2004-2005 वास्तविक	2005-2006 प्रस्तावित	2005-2006 30.6.05 वास्तविक
	योग (अ)	47.41	63.20	57.57	68.15	16.72
2-	कार्यालय विविध व्यय					
(i)	डाक व्यय	0.11	0.20	0.10	0.40	0.03
(ii)	स्टेशनरी	0.62	1.00	0.36	1.00	0.42
(iii)	कार्यालय भवन अनुरक्षण	2.52	4.25	3.29	10.00	0.84
(iv)	अध्यक्ष कार्यालय अनुरक्षण	0.85	1.00	0.78	2.00	0.22
(v)	टेलीफोन	2.66	3.00	1.63	2.50	0.01
(vi)	पुस्तकालय	0.04	0.15	0.02	0.10	0.20
(vii)	कानूनी व्यय	1.93	5.00	1.41	5.00	0.06
(viii)	अतिथि सत्कार	0.53	1.00	0.29	1.00	0.20
(ix)	छपाई	0.48	0.50	0.01	1.00	0.13
(x)	विज्ञापन (सामान्य)	0.38	0.50	0.00	0.50	0.11
(xi)	योजनाओं के प्रसारण/निविदा सम्बन्धी विज्ञापन	1.48	20.00	2.40	25.00	0.00
(xii)	सम्परीक्षा शुल्क	1.25	3.00	2.96	3.00	0.26
(xiii)	विविध	0.63	1.00	1.12	1.00	0.00
(xiv)	कर्मचारी कल्याण	0.00	0.20	0.00	0.20	0.00
(xv)	मशीनरी अनुरक्षण	0.23	0.50	0.00	0.50	0.00
(xvi)	विद्युत अनुरक्षण /आपूर्ति	0.17	0.50	0.26	5.00	0.25
(xvii)	विवेकाधीन	0.05	0.25	0.05	0.50	0.01
(xviii)	अस्थाई अग्रिम	0.36	0.50	0.15	0.50	0.11
(xix)	कम्प्यूटर अनुरक्षण	0.08	1.00	0.29	1.00	0.00
(xx)	अम्बार शुल्क हस्तान्तरण	0.00	0.00	3.36	7.00	0.19
(xxi)	हरिलोक योजना अनुरक्षण व्यय	0.00	0.00	0.00	3.00	
	योग (ब)	14.37	43.55	18.48	70.20	4.26
3-	वाहन					
(i)	अनुरक्षण	1.53	1.50	1.49	1.50	0.26
(ii)	पैट्रोल/डीजल	7.04	7.50	4.67	7.50	2.56
	योग (स)	8.57	9.00	6.16	9.00	2.82
4-	कर्मचारी अग्रिम					
(i)	वाहन	0.00	0.50	0.00	0.50	0.00
(ii)	भवन/भूखण्ड	0.00	3.50	0.00	3.50	0.00
	योग (द)	0.00	4.00	0.00	4.00	0.00
5-	मास्टर प्लान	4.20	15.00	0.00	10.00	0.00
6-	विकास कार्य (अनुदान)	0.00	10.00	0.00	0.00	0.00
7-	सिटी मैनेजर एसो०	0.00	5.00	0.00	5.00	0.00
	योग (य)	4.20	30.00	0.00	15.00	0.00
	कुल योग राजस्व व्यय (अ+ब+स+द+य)	74.55	149.75	82.21	166.35	23.80

हरिद्वार विकास प्राधिकरण

बजट

(रू० लाख में)

क्र.	मद	2003-2004 वास्तविक	2004-2005 प्रस्तावित	2004-2005 वास्तविक	2005-2006 प्रस्तावित	2005-2006 30.6.05 वास्तविक
	पूंजीगत व्यय					
1	कार जीप मशीनरी आदि क्रय	1.45	7.25	0.40	7.50	0.00
2	कम्प्यूटर क्रय	1.00	2.00	0.00	2.00	0.00
3	फ्रर्नीचर/फिक्चर्स क्रय	0.25	7.00	6.47	5.00	0.73
4	क्रेन्द्रीय स्टोर (सीमेन्ट व स्टील)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	योग (अ)	2.70	16.25	6.87	14.50	0.73
5	योजना भूमि क्रय					
(i)	नई योजना	182.14	1650.00	1544.60	1500.00	0.00
	योग (ब)	182.14	1650.00	1544.60	1500.00	0.00
6	योजना विकास/निर्माण कार्य					
(i)	शिवलोक आवासीय योजना	0.00	1.00	0.06	1.00	0.00
(ii)	श्यामलोक आवासीय योजना	0.00	10.00	8.00	10.00	2.40
(iii)	हरिलोक आवासीय योजना	2.02	2.00	0.00	3.00	0.00
(iv)	ऋण वापसी	0.00	150.00	0.00	400.00	275.00
(v)	ऋणों पर देय ब्याज	0.00	100.00	0.00	100.00	1.46
(vii)	शोध/ट्रेनिंग/परामर्श शुल्क	0.48	1.00	0.29	5.00	0.00
(viii)	अव० विकास निधि से विकास कार्य	35.67	100.00	18.14	150.00	5.51
(1x)	गायत्रीलोक	0.00	10.00	0.00	0.00	0.00
(x)	आश्रय योजना/ई.डब्लू.एस.	0.00	25.00	0.00	0.00	0.00
(xi)	डिपाजिट कार्यो पर व्यय (अ०कु०मेला एवं विधायक निधि आदि)	808.06	475.00	246.76	115.00	7.23
(xiii)	हरितिमा /वृक्षारोपण	0.00	10.00	8.15	15.00	2.88
(xiv)	ट्रांसपोर्टनगर हरिद्वार	0.00	80.00	2.60	900.00	0.23
(xv)	वी०एच०ई०एल०में पुनर्वास योजना	0.00	200.00	85.63	170.00	29.09
(xvi)	वी०एच०ई०एल०सह.स.शि.नगर आवास योजना	0.00	200.00	1.12	700.00	0.00
(xvii)	इन्द्रलोक आवासीय योजना	0.00	50.00	0.56	900.00	1.73
	योग (स)	846.23	1414.00	371.31	3469.00	325.53
	कुल योग पूंजीगत व्यय	1031.07	3080.25	1922.78	4983.50	326.26
	सकल योग व्यय	1105.62	3230.00	2004.99	5149.85	350.06
	अन्तिम अवशेष	1461.05	1478.55	307.90	11.51	202.90

मद सं0– 38–03

विषयः– प्राधिकरण की इन्द्रलोक आवासीय योजना में 10 प्रतिशत सम्पत्ति निस्तारण हेतु विभिन्न श्रेणी के भूखण्डों के विकय हेतु प्राप्त मुहरबन्द निविदाओं / आवेदनों के आवंटन एवं शेष 90 प्रतिशत सम्पत्ति / भूखण्डों के विकय हेतु भूखण्डों का मूल्य / दर निर्धारण हेतु।

प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में सम्पत्ति के विकय हेतु मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आवास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की गाइड लाइन्स संबंधी पत्र संख्या– 4049 दिनांक 20–10–1999 को प्राधिकरण की 29 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 21–12–1999 में मद सं0 29.06 बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमें उक्त गाइड लाइन्स के अनुसार मूल्यांकण निर्धारित करने के अनुपालन हेतु निर्देश दिये गये थें इन गाइड लाईन्स के पृष्ठ सं0–06 के बिन्दु 10 के अन्तर्गत नयी योजना के कियान्वयन में सम्पत्ति, विकय हेतु मूल्यांकरण की निम्न प्रकिया के पालन करने के निर्देश दिये गये है:–

" नयी योजना विकसित करने पर सर्वप्रथम उपलब्ध सम्पत्तियों में से भौगोलिक रूप से बीच में स्थित 10 प्रतिशत छॉटकर ओपिन ऑक्शन से बेचने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस ऑक्शन में प्राप्त बोलियों तथा वास्तविक लागत का विश्लेषण स्टडी कर शेष 90 प्रतिशत सम्पत्तियों का पंजीकरण/ आरक्षण के आधार पर बेचने के लिये मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिए। "

उक्त के अनुपालन में प्राधिकरण की प्रथम बार कियान्वित की जा रही इन्द्रलोक आवासीय योजना में तैयार किये गये तलपट मानचित्र (ले–आउट) के अनुसार उपलब्ध सम्पत्ति में से 10 प्रतिशत भूखण्डों को मुहरबन्द निविदा/ नीलामी के माध्यम से विकय करने हेतु दिनांक 08–6–2005 के दैनिक जागरण एवं दैनिक हॉक समाचार पत्रों में नीलामी सूचना प्रकाशन उपरान्त अन्तिम तिथि 22 जून, 2005 तक आवेदन आमन्त्रित किये गये। इन आवेदनों में श्रेणीवार प्राप्त उच्चतम दरों का पूर्ण विवरण निम्नवत् है:–

(क) 1. श्रेणी 300 वर्ग मीटर के आवासीय कम व्यवसायिक भूखण्ड :–

2. विकय हेतु प्रस्तावित भूखण्डों की संख्या–04

3. प्राप्त कुल आवेदन– 39

रू0 17.90 करोड़ का व्यय प्राधिकरण द्वारा अपने स्रोतों की आय से किया गया है। वर्तमान में प्राधिकरण खातों में लगभग रू0 2.45 करोड़ का अवशेष है जिसमें रू0 0.95 करोड़ मेला निधि भी सम्मिलित है। इसके उपरान्त लेखाकार द्वारा प्रस्तावित आय–व्ययक में मुख्य रूप से सम्मिलित ट्रांसपोर्ट नगर योजना, इन्द्रलोक आवासीय योजना, भेल गृह निर्माण सहकारी आवास योजना, भेल पुर्नवास योजना एवं हरिलोक फेज–2 आवासीय योजना की पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गयी। प्राधिकरण की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति की अध्यक्ष महोदय द्वारा सराहना की गयी तथा वित्तीय वर्ष 2005–06 का प्रस्तावित आय–व्ययक– कुल आय रू0 5161.36 लाख तथा कुल व्यय रू0 5149.85 लाख सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया।

38–03 प्राधिकरण की इन्द्रलोक आवासीय योजना में 10 प्रतिशत सम्पत्ति निस्तारण हेतु विभिन्न श्रेणी के भूखण्डों के विक्रय हेतु प्राप्त मुहरबन्द निविदाओं/ आवेदनों के आवंटन एवं शेष 90 प्रतिशत सम्पत्ति/ भूखण्डों के विक्रय हेतु मूल्य / दर निर्धारण हेतु

